# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 30 अगस्त, 2023

## सोख्ता कागज़

- **सोख्ता कागज़** (Blotting Paper) **केशिका क्रयिा** के माध्यम से स्याही को अवशोषति करता है जो एक प्राकृतकि प्रक्रयिा है, इसमें **तरल पदार्थ निम्न पृष्ठतनाव वाले सतह की ओर गति करते हैं।**
  - केशिका ट्यूब 1 मिमी. से कम चौड़े छोटे चैनल होते हैं और जब तरल पदार्थ के संपर्क में आते हैं तो **तरल पदार्थ को उसके बाहरी स्तर से ऊपर की ओर खींचते हैं।**
- **कॉटन लटिर, लकड़ी अथवा पुआल (straw)** से प्राप्त सोख्ता कागज़ में इसके निर्माण के दौरान बनी **सूक्ष्म केशिकाएँ** होती हैं। ये केशिकाएँ **स्याही अथवा पानी को तेज़ी से सोख लेती हैं और कागज़ पर फैला देती हैं।**
- केशिका क्रयिा **पौधे के रस को ऊपर की ओर ले जाती है** और जलने के लिये **तेल को दीपक की बाती तक पहुँचने में मदद करती है।**

## भारत-केन्या समझौता

- भारत की यात्रा के दौरान केन्याई कैबिनेट रक्षा सचिव ने **क्षमता निर्माण और जहाज़ डिज़ाइन और संरचना में सहयोग** के लिये भारत के रक्षा मंत्री के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- दोनों मंत्रियों ने **IOR** में **मज़बूत समुद्री सुरक्षा सहयोग** की आवश्यकता पर ज़ोर दिया तथा **आतंकवाद विरोधी** और संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा क्षेत्र में संयुक्त प्रशिक्षण के लिये सहमति व्यक्त की।
- **केन्या पूर्वी अफ्रीका में हिंद महासागर और विक्टोरिया झील के बीच स्थित है।**
- केन्या पश्चिमी हिंद महासागर की भू-राजनीति में भारत के लिये महत्त्वपूर्ण है। यह अफ्रीकी संघ का भी सक्रिय सदस्य है जिसके साथ भारत का लंबे समय से मज़बूत संबंध है।



**और पढ़ें:** भारत-केन्या संबंध, हिंद महासागर क्षेत्र, भारत-अफ्रीका संबंध

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-30-august-2023